## एक नजर में

### नगर कसरावद में विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न



**कसरावद, निप्र।** हिंदू सम्मेलन में संस्कार भारती द्वारा पंच परिवर्तन पर रंगोलिया चित्रकलाप्रदर्शनी, गौ उत्पाद केंद्र माधव गौशाला द्वारा,देशी शहद भंडार गाय माता का पूजन,सामाजिक समरसता पर पैरामाउंट एकेडमी कसरावद की प्रस्तुति, निमाड़ के गौरव आदरणीय संजय जी महाजन द्वारा नर्मदा संरक्षण और देश प्रेम पर नृत्य, भारत माता की आरती,सुंदरकांड का आयोजन किया गया,जिसमें नगर के सभी जातीय प्रमुखों और संत समाज का मंच पर स्वागत करवाते हुए हिंदू समाज की एकरूपता का परिचय दिया गया जिसमें संत समाज की ओर से मुख्य अथिति जूना अखाड़े के सन्त श्री श्री 1008 स्वामी विवेकानंद जी गिरी महाराज द्वारा आशीर्वचन प्राप्त हुआ। पंच परिवर्तन के ऊपर श्रीमती सरिता जी बाफना विश्व हिंदू परिषद मात्र शक्ति प्रान्त सह सयोजिका द्वारा कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक समरसता ,नागरिक शिष्टाचार ,स्वदेशी, ओर स्व के ऊपर प्रकाश डालते हुए बताया गया और मुख्य वक्ता श्री आशुतोष जी अग्रवाल आरएसएस जिला सह कार्यवाह द्वारा हिंदू समाज के पतन के कारणों ओर संगठित हिन्दू समाज के ऊपर वक्तव्य प्रदान करते हुए समाज द्वारा भारत माता की आरती पश्चात समरसता सहभोज किया गया जिसमें सम्पूर्ण नगर में चूल्हा चोखा बंद रखा गया था सम्मेलन के अंतर्गत नगर में सुबह से ही खुशी व उत्साह का वातावरण बना रहा जिससे हिन्दू सम्मेलन में विशाल जन सैलाब उमड़ा। कार्यक्रम का संचालन गौतम रावल और विजय पटेल ने किया।

### तीन लाख पचास हजार रूपए की अवैध मदिरा तथा मदिरा बनाने की सामग्री जब्त



**कसरावद, निप्र।** आबकारी आयुक्त म.प्र. द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में खरगोन जिले में कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त जिला-खरगोन के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत आबकारी जिला-खरगोन के वृत्त- कसरावद में आज दिनांक 13.01.2026 को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं,पर कार्यवाई कर ग्राम भट्याण, बाड़ी, ढाबा तथा कवड़ी के जंगल व नाले क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क के तहत 06 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 95 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 3250 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया। कार्रवाई में कुल जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.3,50,000/-(तीन लाख पचास हजार रूपए) है। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक शिवनारायण कटारे तथा संतोष वर्मा का विशेष योगदान रहा। अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।


### कड़ी मेहनत से खेलों में भी अच्छे कैरियर की संभावनाएं है : विधायक



**खरगोन, निप्र।** वर्तमान में खेलों को संपूर्ण विकास की आधारशिला माना जाता है। कड़ी मेहनत से खेलों में भी अच्छे कैरियर की संभावनाएं है। हॉकी में टीमवर्क के साथ लक्ष्य को पाने की भावना निहित है। यह बात मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने मंगलवार को उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में निमाड महिला हॉकी एकेडमी द्वारा आयोजित सरदार मनमोहनसिंह चावला स्मृति अखिल भारतीय महिला हॉकी स्पर्धा के आठवें संस्करण के शुभारंभ पर कही। विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्पर्धा से जिले की प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा। निमाड महिला हॉकी एकेडमी के अध्यक्ष मनजीतसिंह चावला ने बताया कि जिलेभर में महिला हॉकी के विकास के लिए अखिल भारतीय आमंत्रित महिला हॉकी स्पर्धा के आठवें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। सचिव अनिल पांडेय ने बताया कि देशभर की चुनिंदा टीमों को आमंत्रित किया गया है। हॉकी कोच इकबाल खान ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्पर्धा में उत्तरप्रदेशए महाराष्ट्र आदि प्रदेशों के साथ मध्यप्रदेश की चुनिंदा टीमों को आमंत्रित किया गया है। अतिथियों ने स्व. सरदार मनमोहनसिंह चावला के खेलों में किए गए विकास की सराहना भी की और उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। प्राचार्य प्रवीण मैना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्कूल के सांस्कृतिक दल द्वारा स्पर्धा के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी।

**पहले दिन दिखा दमखम :-** पहले दिन मिल्लर हॉकी एकेडमी रामपुर उत्तरप्रदेश, बिरसा हॉकी एकेडमी नागपुर महाराष्ट, जिला हॉकी संघ मंदसौर, जिला हॉकी संघ धार, आईएटीवी इंदौर, खेल एवं युवक कल्याण विभाग खरगोन की टीमों ने शिरकत की। सभी मैचों में निर्णायक की भूमिका हॉकी एमपी के रेफरी जावेद खान, सौरभ राजपूत, साहिल खान, शिव प्रकाश ने निभाई।

### परीक्षा पर चर्चा से विद्यार्थियों का बढ़ाया आत्म विश्वास




**खरगोन, निप्र।** शहर के उत्कृष्ट स्कूल परिसर में मंगलवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेवानिवृत्त शिक्षक दिलीप कर्पे ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए परीक्षा का दबाव न लेते हुए आसान तरीके से तैयारी करने के टिप्स दिए। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए समय प्रबंधन पर जोर दिया। संवाद करते हुए विषयवार आ रही समस्याओं को समझा और उनके हल निकालने के तरीके बताए। श्री कर्पे ने प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। स्वागत प्राचार्य राजेंद्र पाटीदार ने किया। स्वागत भाषण लोकेंद्र शाह ने दिया। आभार संगीत शिक्षक मुरली खोड़े ने माना।

# प्रशासन जागा और वार्ड में स्वास्थ्य दल भेज कर सर्वे कराना शुरू किया

## मोहल्ले में गंदा पानी सप्लाई होने के बाद पेट दर्द और अन्य समस्या होने के बाद हड़कंप मचा

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर के वार्ड 8 पटलारा मोहल्ले में सोमवार को गंदा पानी सप्लाई होने के बाद पेट दर्द और अन्य समस्या होने के बाद हड़कंप मच गया था। नगर पंचायत और प्रशासनिक अधिकारियों ने मोहल्ले में जा कर वस्तुस्थिति भी देखी थी। लेकिन बीमार लोगों के स्वास्थ्य की चिंता किसी को नहीं थी। मंगलवार को नवभारत न्यूज़ में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद प्रशासन जागा और वार्ड में स्वास्थ्य दल भेज कर सर्वे करवाना प्रारंभ किया। एसडीएम पूर्वा मंडलोई और खरगोन से जिला चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीएस चौहान, जिला स्वास्थ्य अधिकारी और रोग नियंत्रित निगरानी शाखा के डॉ धीरेंद्र सोनी भी मौके पर पहुंच कर लोगों के





हाल जाने और उनकी समस्या सुनी। अधिकारियों ने 6-6 स्वास्थ्यकर्मियों के 3 दल बनवा कर मोहल्ले लोगों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी जुटाई। इस बीच नप ने लीकेज भी तलाश लिया। जिसमें 1 व्यक्ति को नोटिस भी दिया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग और नगर पंचायत ने अलग-अलग पानी के सेंपल भी जुटाए हैं। सीएमओ संजय रावल ने बताया लीकेज कहां था यह हमने ढूंढ लिया है। मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने नाली का पाइप डालने के लिए बिना अनुमति के नाली तोड़ दी थी। बाद में नाली को रिपेयर भी नहीं करवाई। जिसके कारण नाली का पानी सीपेज होकर पानी की पाइप लाइन तक आ रहा था जोकि लीक थी। जिसके चलते कुछ घरों में पानी छोड़ने के शुरुआती समय में गंदा पानी आ रहा था। नपा का अमला समस्या को ठीक करने लगा हुआ है। वहीं जिसने बिना अनुमति नाली तोड़ी थी उसे भी नोटिस दिया जा रहा है। 3 दल में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, डॉक्टर सहित 6 सदस्यों ने वार्ड में घर-घर जा कर सर्वे किया। सर्वे के दौरान 8 घरों में 15 मरीज मिले हैं। जिनमें 1 बच्चा और महिलाएं शामिल हैं। डॉ सोनू मंडलोई ने बताया 3 मरीजों को दस्त, 9 को पेट और 3 लोगों को मुंह में छाले होने की समस्या मिली है। सीएचएमओ डॉ चौहान ने बताया आज समाचार पत्र के माध्यम से पता चला था कि नगर के वार्ड 8 में पीने के पानी की वजह से कुछ लोग बीमार हुए हैं। जिसके बाद हमने 3 चिकित्सा दल बना कर सर्वे कराया है। मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। डायरिया इन्फेक्शन वाला कोई मरीज अभी नहीं मिला है। सामान्य पेट दर्द और दस्त के कुछ मरीज मिले हैं, जिनका उपचार किया है। बीमार किस कारण हुए हैं उसका पता पानी और शौच की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति स्थिर है, कोई भी अस्पताल में भर्ती नहीं है। लोगों को ओआरएस, दवाइयां वितरित की गई हैं। भविष्य में किसी अन्य वार्ड में कोई समस्या नहीं आए उसके लिए पीएचई और नप से बात करके टंकियों की सफाई कराई जाएगी।

# बोरावां में परीक्षा पे चर्चा पर सेमिनार

**खरगोन, निप्र।** शैक्षणिक संस्था प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरावां में विद्यार्थियों पर परीक्षा के दौरान बढ़ने वाले दबाव एवं तनाव को कम करने तथा स्मार्ट तरीके से परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विशिष्ट परीक्षा तैयारी विषय पर शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया।



सेमिनार का शुभारंभ संस्था प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा एवं अतिथि विद्वान दिलीप कर्पे (संस्था जॉय ऑफ गिविंग के फाउंडर, वरिष्ठ शिक्षाविद्, लेखक एवं कैरियर परामर्शदाता) के सानिध्य में माँ सरस्वती एवं श्रद्धेय सुभाष यादव जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा द्वारा अतिथि वक्ता का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने अतिथि वक्ता का संक्षिप्त परिचय देते हुए विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्चतम अंक अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता दिलीप कर्पे ने बोर्ड परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए स्मार्ट स्टडी तकनीक, कम समय में अधिक याद करने के उपाय, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन एवं तनाव मुक्त रहकर अध्ययन करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच, दूरदर्शिता एवं प्रसन्नचित्त होकर सीखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव तथा वरिष्ठ संचालक संजीत यादव ने अपने संदेश के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों को कर्मठ, ऊर्जावान एवं संघर्षशील बताते हुए उन्हें क्षेत्र के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु प्रेरित किया तथा सेमिनार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। सेमिनार के समापन अवसर पर संस्था उप-प्राचार्य संजेश वर्मा ने आगंतुक अतिथि विद्वान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पैरामाउंट एकेडमी में ऐतिहासिक संगोष्ठी का आयोजन

**कसरावद, निप्र।** पेरामाउंट एकेडमी, कसरावद (मध्य प्रदेश) में धरती इंटरनेशनल फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र के 'सतत विकास लक्ष्य एवं युवा' विषय पर एक विशेष, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और जिज्ञासा के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में तमिलनाडु स्थित अन्नामलाई विश्वविद्यालय के मानद प्रोफेसर प्रो. के. काथिरेसन, पुर्तगाल से पधारीं वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञ एवं धरती इंटरनेशनल फाउंडेशन की इंटर्नशिप फेलो मथिल्डा मोराइस, तथा एस.वी.पी.सी., मंडलेश्वर के डॉ. विनर्स दवाने विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी के आरंभ में डॉ. विनर्स दवाने ने सतत विकास लक्ष्यों की अवधारणा, उनके उद्देश्य तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में उनकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात मथिल्डा मोराइस ने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सतत विकास के सभी 17 लक्ष्यों की प्राप्ति में युवाओं की




भूमिका, उनकी ऊर्जा, नवाचार क्षमता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। अपने प्रेरणादायी समापन संबोधन में प्रो. के. काथिरेसन ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति सजग रहते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभाशीष प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्न-उत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी जिज्ञासाएँ प्रस्तुत कीं, जिनका वक्ताओं ने सरल, सारगर्भित एवं प्रेरक उत्तर दिए। पेरामाउंट एकेडमी के प्राचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार ने सभी विशिष्ट अतिथियों, सहयोगी संस्था धरती इंटरनेशनल फाउंडेशन तथा कार्यक्रम से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन श्रीमती दीक्षा पाटीदार द्वारा किया गया। यह संगोष्ठी युवा पीढ़ी को वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों से जोड़ने, उनमें सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उन्हें जिम्मेदार, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल सिद्ध हुई।

# पीजी कॉलेज में लगाई रचनात्मक प्रदर्शनी, विद्यार्थियों ने वेस्ट से बनाया बेस्ट

**खरगोन, निप्र।** लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में मनोविज्ञान विभाग द्वारा विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न कलात्मक एवं नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि विद्यार्थियों ने बेकार एवं अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर अत्यंत सुंदर और उपयोगी कलाकृतियों का निर्माण किया। भारतीय ज्ञान परंपरा को दर्शाते हुए आश्रम व्यवस्था एवं सोलह संस्कारों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए, जिनसे विद्यार्थियों की सांस्कृतिक समझ और शोधपरक दृष्टि झलकती है। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका दुबे ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वंदना बर्वे, डॉण् रवींद्र बर्वे ने प्रदर्शनी को प्रेरणादायक और समाजोपयोगी बताया। प्रो ललित भटानिया, डॉ. गणेश पाटिल, ग्रंथपाल गोविंद यादव, शिवानी कर्मा, प्रो. कैलाश चौहान, प्रो. जगदीश पावरा, डॉ. कैलाश राय आदि उपस्थित रहे।.



# कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ



**मंडलेश्वर, निप्र।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ए आई आधारित सेम मेम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर में कराया गया।पर्यवेक्षक शकुंतला भंवर ने बताया कि कलेक्टर खरगोन भव्या मित्तल के निर्देश एवं महिला बाल विकास विभाग के डी पी ओ भारद्वाज सी डी पी ओ महेश्वर एस के शिंदे के मार्गदर्शन में मंडलेश्वर नवलपुरा और श्रीनगर की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र के कुपोषित 50 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक केंद्र में कराया।चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ राकेश पाटीदार द्वारा कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया बच्चों का रक्त परीक्षण कर उन्हें मल्टी वाइटामिन और अन्य दवाइयां दी गई।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**मंडलेश्वर, निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधि सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस अंतर्गत पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जहां मोहम्मद असलम दहलवी साहब न्यायाधीश एवं श्री योगेश चालीसा न्यायाधीश द्वारा युवा जन को स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराया और कहा कि यह युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता हे स्वामी जी ने कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए. किसी की निंदा ना करे मदद का हाथ बढ़ाए युवा दिवस स्वामी विवेकानंद का प्रेरणादायक जीवन और उनके संदेश युवाओं को अपने सपनों को साकार करने, आंतरिक शक्ति का उपयोग करने और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित करता है। श्री एजीपी गोपाल चौहान साहब ने कहा कि जितना अधिक संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी विवेकानंद जी ने सदैव युवाओं के लिए कभी हार ना मानना कि प्रेरणा दी हे श्री टी आई साहब श्री धर्मेंद्र यादव जी ने कहा कि आप सभी स्वामी विवेकानंद जी के विचार सद्गुण लेकर चले निश्चित ही आपका भाग्य उदय होगा युवा नशे की आदतों से अपराध से दूर रहे अपने भविष्य को संवारने में लगे ना कि अपराध करके शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया नोमान नायब नाजिर संतोष खन्ना मौजूद थे।

**एक नजर में** — जगदगुरू रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज की एक दिवसीय प्रवचन का आयोजन हुआ

# तुम जियो और दूसरो को जीवन दो,स्वप्न में भी किसी दूसरे का बुरा न सोचो या करो

नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र।** 'तुम जियो और दूसरो को जीवन दो स्वप्न में भी किसी दूसरे का बुरा न सोचो या करो प्रतिदिन अपने आराध्य कि एकाग्र भाव से 10 मिनिट भक्ति करो। जगदगुरु रामन्दाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिण पीठाधीश्वर नाणीज धाम रत्नागिरी महाराष्ट्र उप पीठ ओमकारेश्वर ग्राम अली बुजुर्ग में 12 जनवरी मंगलवार को एक दिवसीय प्रवचन के दौरान कही7जगदगुरू श्री की यह सीख समस्त मानव जाति के जीवन को सुखी कर रही है। 'जगदगुरू नरेंद्र महाराज भक्त सेवा मंडल मध्यप्रदेश उप पीठ के निर्माण व नर्मदा परिक्रमावासियो के ठहरने व भोजन व्यवस्था के लिए आगे आने वाले समस्त सहयोगियों शुभचिंको का ह्रदय के आभार व्यक्त करता है और समय समय पर इस कार्य में ज्यादा से ज्यादा सहयोग प्रदान करने की अपील करता है। पीठ प्रमुख अर्जुन फुले संजय बालापुरे ने कहाकि पुरी मानव जाति का प्रेम सदभावना दया एवं शांति का संदेश देने वाले तथा हर व्यक्ति के मन में अध्यात्म व सात्विकता की ज्योति जलाने वाले जगद्गुरू नरेन्द्राचार्य जी महाराज आने वाले वर्षो में पूरे विश्व का मार्गदर्शन करने वाले धर्म गुरू होंगे ।आज के इस



असुरक्षित विश्व में मार्गदर्शन के साथ साथ एक दृढ़ आधार की आवश्यकता है।आप कहीं भी रहे अफ्रीका के घने जंगल में अथवा किसी महासागर में कहीं भी हों मैं सदैव तुम्हारे साथ हूँ आप मुझे भक्ति दें मैं आपको स्थैर्य दूंगा ऐसा कहने वाले स्वामीजी के ये विचार ही नहीं अपितु आप इसे अपने जीवन में आजमाइये फिर विश्वास करें। आश्रम से जुड़े भक्त संजय बालापुरे प्रभाकर कोली ने बताया कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ नानीजधाम महाराष्ट्र का उप पीठ मध्य प्रदेश के गुरु बंधुओं शुभचिंतकों साधकों के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप अब मध्य प्रदेश क्षेत्र के ओमकारेश्वर के पास ग्राम आली बुजुर्ग जिला खरगोन में स्थापित किया जा चुका है ।

जगतगुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान नानीजधाम महाराष्ट्र तुम जियो और दूसरों को जीने में सहायता करो समाजसेवा के कार्यों के माध्यम से समाज को एक नई चेतना देकर अपनी अलग पहचान बनाई है।

**आश्रम के पीठ प्रमुख अर्जुन फुले:-** ने बताया कि जगद्गुरु श्री के इस अमृत रूपी संदेश के माध्यम से महाराष्ट्र के विभिन्न कोनों तक ही नहीं भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों में भी समाज को एक नई दिशा देने लोगों के जीवन को सुखी करने के साथ.साथ अनेक सामाजिक प्रकल्पो जैसे एंबुलेंस सेवाए निशुल्क शिक्षण कार्य गरीब परिवारों के लिए रोजगार गोनमुखी संसाधनों की व्यवस्थाए व्यसनमुक्ति ब्लड डोनेशन अवयवदान महाराष्ट्र में आई भीषण बाढ़ पीड़ितों के लिए व्यवस्था कर सहयोग प्रदान कराए।